N.15: राराप्रप्रौके में राजभाषा गतिविधियाँ: जुलाई 2021 - दिसम्बर 2021

01 जुलाई 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक राजभाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियां इस प्रकार रहीं - केंद्र में 15 अगस्त 2021 को सहायक सुरक्षा अधिकारी और सुरक्षा प्रहरी के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा 2021 का आयोजन दिनांक 14.09.2021 से 28.09.2021 तक किया गया। इस अवसर पर चार प्रतियोगिताएं - हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता, जीवन की कोई अविस्मरणीय घटना लेखन एवं आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं। दिनांक 28.09.2021 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस केंद्र से निदेशक, आरआरकेट के प्रतिनिधि के रूप में डॉ अनिल रावत, वर्ग निदेशक, प्रौद्यौगिकी विकास एवं सहायता वर्ग ने इस बैठक में भाग लिया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में आरआरकेट परिसर में दिनांक 25.11.2021 को निबंध प्रतियोगिता और 26.11.2021 को शब्द ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 29.09.2021 एवं 23.12.2021 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। कोविड-१९ महामारी का ध्यान रखते हुए तथा इस संबंध में भारत सरकार एवं परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई के साथ पालन करते हुए दिनांक 21.09.2021 तथा 15.12.2021 को दो नियमित हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिनमें क्रमशः 22 तथा 13 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। पहली कार्यशाला सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए थी, जबकि दूसरी कार्यशाला विशेष रूप से प्रशिक्षु वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए आयोजित की गई थी। कंप्यूटर पर फोनेटिक की-बोर्ड के माध्यम से हिंदी टंकण अभ्यास हेतु दिनांक 28 एवं 29 दिसम्बर, 2021 को 4 अर्ध दिवसीय अभ्यास कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें कुल 29 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

हिंदी दिवस-2021 के अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुए: श्री पुरुषोत्तम श्रीवास्तव, वर्ग निदेशक, प्रोटॉन त्वरक वर्ग, श्री डी. सी. मीना, प्रशासनिक अधिकारी-III एवं निदेशक, आरआरकेट (बाएं से दाएं)।

हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह - 2021 में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए निदेशक, आरआरकेट ।

प्रस्तुति:
विमल कुमार शुक्ल (vimalks@rrcat.gov.in)